आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक
# हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 109 | उज्जैन, मंगलवार 11 मार्च 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## मध्यप्रदेश लॉजिस्टिक्स सेक्टर में नए निवेश की बढ़ी संभावनाएं-मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव आ रहा है। देश के केंद्र में स्थित होने के कारण यह प्रदेश उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम के व्यापार मार्गों को सुविधाजनक रूप से जोड़ते हुए एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स हब के रूप में उभर रहा है। आधुनिक बुनियादी ढांचे, मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और उद्योग समर्थक नीतियों के कारण प्रदेश निवेशकों के लिए नए अवसरों का द्वार खोल रहा है। लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में की जा रही रणनीतिक पहलों से मध्यप्रदेश अब सिर्फ ट्रांजिट पॉइंट नहीं, बल्कि पूरे भारत की आपूर्ति श्रृंखला का एक मजबूत आधार बन रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश तेजी से लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग के हब के रूप में उभर रहा है। अपनी भौगोलिक स्थिति, उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे और उद्योग अनुकूल नीतियों के कारण यह प्रदेश निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन गया है। मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी, अत्याधुनिक लॉजिस्टिक्स पार्क और डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम जैसी सुविधाएं इसे लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं।

**बेहतर सड़कों और कॉरिडोर से लॉजिस्टिक्स को नई दिशा** - प्रदेश में लॉजिस्टिक्स को मजबूती देने के लिए राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों का तेज़ी से विस्तार किया गया है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे, उत्तर-दक्षिण फ्रेट कॉरिडोर और भारतमाला परियोजना प्रदेश को लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में एक महत्वपूर्ण केंद्र बना रही हैं। इंदौर और भोपाल में विकसित हो रहे मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) व्यापार को आसान और लागत प्रभावी बना रहे हैं।

**हवाई मार्ग से निर्यात और उद्योग को नई गति**-प्रदेश के छह प्रमुख हवाई अड्डों पर एयर कार्गो सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे लॉजिस्टिक्स सेक्टर को बड़ी ताकत मिल रही है। रीवा हवाई अड्डे के चालू होने से व्यापार और औद्योगिक परिवहन को नई रफ्तार मिली है। फार्मा, टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल और खाद्य प्र-संस्करण जैसे उद्योगों को अब कम समय में बेहतर लॉजिस्टिक्स सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं।

## ब्रिटिश हाईकमीशन के कर्मचारियों से असम पुलिस ने की पूछताछ, पाकिस्तान से जुड़ा है कनेक्शन



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के कथित पाकिस्तानी संबंधों के मामले में असम पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने रविवार को दिल्ली स्थित ब्रिटिश उच्चायोग के दो कर्मचारियों से पूछताछ की।

पुलिस के अनुसार एसआईटी ने ब्रिटिश उच्चायोग के कर्मचारियों से पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख के साथ उनके संबंधों के बारे में जानकारी जुटाने के लिए पूछताछ की। शेख राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने में अपनी कथित भूमिका के कारण जांच के घेरे में हैं।

इंटरपोल की मदद ले सकती है सरकार- मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि एसआईटी को अली शेख से संबंधित महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं। सरमा ने कहा, हम इस पाकिस्तानी नागरिक से संबंधित पूरे तंत्र की जांच कर रहे हैं। यदि जरूरी हुआ तो इंटरपोल की मदद लेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को घटनाक्रम के बारे में जानकारी दे दी है।

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई और उनकी पत्नी एलिजाबेथ गोगोई के कथित पाकिस्तानी संबंधों की जांच के लिए चार सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। वहीं गौरव गोगोई ने कहा कि वह इस संबंध में जांच के लिए तैयार हैं।

## ओडिशा का हिस्सा बनना कोशल की ऐतिहासिक भूल...



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस ने सोमवार को ओडिशा के विधायक जयनारायण मिश्रा की उस टिप्पणी को लेकर भाजपा पर हमला बोला जिसमें उन्होंने कहा था कि कोशल का ओडिशा का हिस्सा बनना एक ऐतिहासिक भूल थी। साथ ही, इस मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की चुप्पी पर भी सवाल उठाया।

कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने एक्स पर एक मीडिया रिपोर्ट साझा की जिसमें दावा किया गया था कि एक कार्यक्रम में राज्य गीत बंदे उत्कल जननी गाए जाने पर मिश्रा खड़े नहीं हुए थे।

क्या था भाजपा विधायक का बयान-बता दें, वरिष्ठ भाजपा विधायक जयनारायण मिश्रा ने शनिवार को कहा था कि 1936 में कोशल का ओडिशा का हिस्सा बनना एक ऐतिहासिक भूल थी, क्योंकि यह क्षेत्र उपेक्षित रहा है।

संबलपुर में एक सरकारी समारोह को संबोधित करते हुए, विधायक मिश्रा ने कहाथा कि ओडिशा का गठन तीन क्षेत्रों-उत्कल जिसमें तटीय क्षेत्र शामिल था, दक्षिण में कलिंग और पश्चिम में कोशल को मिलाकर किया गया था।

क्षेत्र के सबसे बड़े शहर संबलपुर से भाजपा विधायक जयनारायण मिश्रा ने कहा, ओडिशा के गठन के दौरान कोशल का विलय एक गलती थी। हमें

## टीम इंडिया की जीत पर गदगद हुए गौतम अदाणी, ऐतिहासिक जीत को इन चार खूबसूरत शब्दों से किया बयां



नई दिल्ली (एजेंसी)। टीम इंडिया ने तीसरी बार ICC champions Trophy जीतकर इतिहास रच दिया है। रोहित ब्रिगेड में फाइनल मुकाबले में चार विकेट से जीत हासिल की। टीम इंडिया की जीत के बाद भारत में होली से पहले दीवाली जैसा माहौल बन गया। रविवार देर रात तक टीम इंडिया के फैंस सड़कों पर जश्न मनाते दिखे।

इस शानदार जीत पर गौतम अदाणी ने भारतीय टीम को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा,दबंग। अथक। शानदार। विजयी। भारत ने जीत हासिल की! एक बार फिर चैंपियन बनने पर टीम इंडिया को बधाई।

पीएम मोदी और अमित शाह ने जीत पर क्या कहा- पीएम नरेंद्र मोदी ने भारतीय क्रिकेट टीम को जीत की बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, एक असाधारण खेल और एक असाधारण परिणाम! ICC चैंपियंस ट्रॉफी घर लाने के लिए हमारी क्रिकेट टीम पर गर्व है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। शानदार प्रदर्शन के लिए हमारी टीम को बधाई। वहीं, अमित शान ने एक्स पर लिखा, एक ऐसी जीत जो इतिहास रच देगी। ICC चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार जीत हासिल करने पर टीम इंडिया को बधाई। मैदान पर आपकी जोशीली एनर्जी और अजेय प्रभुत्व ने देश को गौरवान्वित किया और शानदार क्रिकेट के लिए एक नया मानक स्थापित किया है।

बता दें कि फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 251 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में टीम इंडिया ने 49 ओवर में 254 रन बनाकर मैच को जीत लिया। टीम इंडिया के लिए कप्तान रोहित शर्मा ने दमदार 76 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली।

## नए आयकर विधेयक में अफसरों को और अधिकार देने का दावा गलत




नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के सूत्रों ने उन चिंताओं को खारिज किया है, जिनमें कहा गया था कि आयकर विधेयक 2025 में आयकर अधिकारियों को अतिरिक्त अधिकार दिए गए हैं।

इन अधिकारों के तहत वे ईमेल, इंटरनेट मीडिया और वर्चुअल डिजिटल स्पेस तक पहुंच सकते हैं। सीबीडीटी के सूत्रों ने स्पष्ट किया कि आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 132 पहले से ही अधिकृत अधिकारियों को यह अधिकार देती है कि वे किसी व्यक्ति के पास मौजूद पुस्तकों, खातों या अन्य दस्तावेजों के इलेक्ट्रानिक रिकॉर्ड का निरीक्षण और जब्ती कर सकते हैं।

एक्सेस का अधिकार पहले से मौजूद- बताया गया कि नए अधिकार दिए जाने के दावे गलत हैं। आयकर विधेयक, 2025 की धारा 247 में यह प्रविधान है कि एक अधिकृत अधिकारी कंप्यूटर प्रणाली या वर्चुअल डिजिटल स्पेस के एक्सेस कोड को ओवरराइड करके एक्सेस प्राप्त कर सकता है।

यह केवल पहले से मौजूद अधिकारों का पुन उल्लेख है। इस बात पर भी जोर दिया गया है कि यह शक्ति कर अधिकारियों को दुर्लभ परिस्थितियों में दी जाती है, जब कोई सक्षम अधिकारी तलाशी और जब्ती अभियान का आदेश देता है और संबंधित व्यक्ति सहयोग नहीं कर रहा होता है। सूत्रों में से एक ने यह भी दोहराया कि यह सामान्य प्रथा नहीं है।

## बंगाल में बांग्लादेश जैसी स्थिति, भाजपा ने ममता सरकार पर बोला हमला



नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा ने बंगाल में बिगड़ती हुई कानून-व्यवस्था पर चिंता जताई है। पार्टी ने हाल ही में हुई हिंसक घटनाओं की ओर इशारा किया है, जिससे राज्य के निवासी डरे हुए हैं। भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक्स पर पोस्ट कर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर बढ़ती अशांति को नियंत्रित करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा, बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण से बाहर होती जा रही है। यह तेजी से बांग्लादेश में देखी गई हिंसक घटनाओं जैसी हो रही है।

## भारत विरोधी गतिविधियों पर तुरंत एक्शन ले ब्रिटेन, विदेश मंत्री जयशंकर ने और क्या-क्या कहा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने एक बार फिर ब्रिटेन से कहा है कि वह भारत विरोधी गतिविधियों पर रोक लगाए और भारतीय उच्चायोग व इसके सभी कार्यालयों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करे। यह आग्रह भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले हफ्ते की अपनी ब्रिटेन यात्रा के दौरान वहां के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, उप पीएम एजेंला रेनेर, विदेश सचिव डेविड लैमी के साथ द्विपक्षीय बैठकों में की।

भारत ने उठाया सुरक्षा का मुद्दा- विदेश मंत्री के इस दौरे में ही उनकी कार के सामने एक खालिस्तान समर्थक भारतीय तिरंगे का अपमान करते हुए आ खड़ा हुआ था। इस पर ब्रिटेन ने अफसोस जताया था। अब विदेश मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि जयशंकर ने अपनी बैठकों में भारतीय उच्चायोग, मिशनों व इसमें काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया और भारत विरोधी गतिविधियों पर रोक लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आग्रह किया है।

मुक्त व्यापार समझौते पर हुई बातचीत

जयशंकर की लंदन में भारत व ब्रिटेन की भावी मुक्त व्यापार समझौते को लेकर भी बातचीत हुई है। दोनों देशों ने कारोबारी संबंधों की राह की बाधाओं को दूर करने और बाजार की हिस्सेदारी बढ़ाने का आह्वान किया है। भारत ने ब्रिटेन के साथ प्रतिभाओं के आसानी से एक देश से दूसरे देश में जाने का मुद्दा खास तौर पर उठाया है। इस बारे में जयशंकर की ब्रिटेन के गृह सचिव के साथ हुई बैठक में खास तौर पर बातचीत हुई है।

आतंकवाद पर गहरा सहयोग देने पर सहमति - विदेश मंत्रालय ने बताया है कि भारत और ब्रिटेन के बीच आतंकवाद व अतिवाद को रोकने को लेकर भी काफी गहरा सहयोग पहले से ही चल रहा है जिसे और विस्तार देने की सहमति बनी है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि इस यात्रा से भारत व ब्रिटेन की समग्र रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने में मदद मिली है।

# बांग्लादेश में क्या कुछ बड़ा होने वाला, यूनुस के खिलाफ भड़का लड़कियों का गुस्सा; देशभर में क्यों हो रहे प्रदर्शन?



नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश में लड़कियों ने मोहम्मद यूनुस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ढाका विश्वविद्यालय में बड़ी संख्या में लड़कियों ने महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के विरोध में प्रदर्शन किया। आठ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना के बाद पूरे देश में लोगों का आक्रोश और बढ़ गया।

ढाका विश्वविद्यालय में महिला एवं लिंग अध्ययन विभाग की छात्रा जरीन रफीजा ने कहा कि हम चाहते हैं कि महिलाओं के खिलाफ दुष्कर्म और हिंसा पर तुरंत एक्शन हो। घटना के विरोध में बांग्लादेश में बड़ी संख्या में छात्राओं ने कक्षाओं और परीक्षाओं का बहिष्कार कर दिया है। सड़कों पर छात्राओं का प्रदर्शन जारी है।

मौत की सजा की उठी मांग- बांग्लादेश के पश्चिमी मगुरा जिले में दुष्कर्म के बाद 8 साल की मासूम जिदंगी की जंग लड़ रही है। गंभीर हालत में उसे राजधानी ढाका के एक सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना से पूरे देश में आक्रोश है। महिला कार्यकर्ताओं ने बिना देरी दुष्कर्मियों को मौत की सजा देने की मांग की।

5 अगस्त का मुद्दा अहम नहीं- जरीन रफीना ने कहा कि हम आज यहां पूरे देश में हो रही हिंसा खासकर महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। हम इस महीने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना रहे हैं। मगर हमने यह भी देखा है कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा लंबे समय से चली आ रही है। 5 अगस्त का मुद्दा अभी अहम नहीं है क्योंकि हमें हिंसा का विरोध करना है।

बातों पर भरोसा नहीं... अब एक्शन चाहिए- रफीजा ने कहा कि हम बहुत लंबे समय से चुप हैं। सरकार हिंसा को रोकने का कोई कदम नहीं उठा रही है। हमें सिर्फ शब्दों पर भरोसा नहीं है। हम ईमानदारी से एक्शन चाहते हैं। हम इसी वक्त से न्याय की मांग और बदलाव चाहते हैं। मगर मौजूदा समय में हमें कोई उम्मीद नहीं दिख रही है।

# हमने अमेरिका को महान देश बनाया, लेकिन...; ट्रंप पर बरसे कनाडा के नए PM, टैरिफ वॉर पर क्या बोले?



नई दिल्ली (एजेंसी)। मार्क कार्नी को कनाडा का प्रधानमंत्री चुन लिया गया है। लिबरल पार्टी नेता को चुनाव में 85.9 प्रतिशत वोट मिले। उन्हें यह जिम्मेदारी उस समय सौंपी गई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कनाडा के सामानों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान कर दिया है।

हालांकि, ट्रंप ने टैरिफ की डेडलाइन 4 अप्रैल तक बढ़ा दी है। कनाडा ने ट्रंप के फैसले की कड़ी आलोचना की है। फिलहाल, दोनों देशों के बीच रिश्ते काफी बिगड़ चुके हैं।

ट्रंप पर जमकर बरसे कार्नी- पीएम चुने जाने के बाद मार्क कार्नी ने अपने भाषण में ट्रंप की नीतियों की जमकर आलोचना की। कार्नी ने कहा, कोई है जो हमारी अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। जैसा कि हम जानते हैं, डोनाल्ड ट्रंप ने हम जो बनाते हैं, जो बेचते हैं और जिस तरह से हम अपना जीवन यापन करते हैं, उस पर अनुचित टैरिफ लगाए हैं। वह कनाडाई परिवारों, मजदूरों और व्यवसायों पर हमला कर रहा है और हम उसे सफल नहीं होने देंगे।

उन्होंने आगे कहा,कनाडा तब तक जवाबी टैरिफ लगाए रखेगा जब तक अमेरिका की ओर से उसे सम्मान नहीं मिलता।

हमारी मदद से अमेरिका बन दुनिया का सबसे महान देश- इसके अलावा कनाडा को अमेरिका का 51 वां राज्य बनाने के ट्रंप के बयान पर कार्नी ने कहा, हमने इसे दुनिया का सबसे महान देश बनाया है और अब हमारे पड़ोसी हमें हड़पना चाहते हैं। ऐसा बिल्कुल नहीं हो सकता।

उन्होंने आगे कहा,अमेरिकी हमारे संसाधन, पानी, हमारी जमीन, हमारा देश चाहते हैं. इसके बारे में सोचें, अगर वे सफल हो गए, तो वे हमारे जीवन जीने के तरीके को खत्म कर देंगे। अमेरिका एक पिघलने वाला बर्तन है और कनाडा एक मोजेक है।

## नेपाल में राजशाही की बहाली के लिए उठी आवाज, पूर्व नरेश के स्वागत में उमड़ी समर्थकों की भीड़




नई दिल्ली (एजेंसी)। नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पोखरा से काठमांडू पहुंचे। जैसे ही ज्ञानेंद्र पोखरा से सिमरिक हेलीकॉप्टर से त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरे, राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों लोगों ने उनके पक्ष में नारे लगाए।

भीड़ ने तख्तियां ले रखी थीं, जिन पर लिखा था हमें अपना राजा वापस चाहिए, गणतांत्रिक प्रणाली को समाप्त करो और राजशाही को पुन~ स्थापित करो, राजा और देश हमारे प्राणों से भी अधिक प्रिय हैं।

राजशाही बहाल करने की मांग- 77 वर्षीय ज्ञानेंद्र देश के विभिन्न भागों में धार्मिक स्थलों का दौरा करने के बाद पोखरा से काठमांडू लौटे हैं। हवाईअड्डे के बाहर सड़क के दोनों ओर ज्ञानेंद्र की तस्वीर और राष्ट्रीय ध्वज लिए मोटरसाइकिलों पर सवार सैकड़ों लोगों ने उनका स्वागत किया। पूर्व नरेश के समर्थक पिछले कुछ दिनों से काठमांडू और पोखरा सहित देश के विभिन्न भागों में रैलियां निकाल रहे हैं तथा 2008 में समाप्त की गई राजशाही को पुन~ बहाल करने की मांग कर रहे हैं।

## पेंसिल्वेनिया में क्रैश होने के बाद आग का गोला बना विमान, बाल-बाल बचे यात्री



नई दिल्ली (एजेंसी)। रविवार को पेंसिल्वेनिया के एक उपनगरीय इलाके में एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मैनहेप टाउनशिप में लैंकेस्टर हवाई अड्डे के पास दोपहर करीब 3 बजे ये दुर्घटना घटी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विमान में पांच लोग सवार थे और सभी लोगों की जान बच गई।

पांचों को ले जाया गया अस्पताल

पुलिस प्रमुख ने बताया कि विमान में सवार सभी पांच लोगों को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी हालत अभी भी अज्ञात है। प्रमुख ने आगे बताया कि विमान दुर्घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ है।

प्रत्यक्षदर्शी ब्रायन पिपकिन, जो पास में ही गाड़ी चला रहा था, उसने बताया कि एक छोटे विमान को चढ़ते और फिर दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले बाईं ओर गिरते देखा। उसने कहा, विमान नाक के बल नीचे गिरा और तुरंत आग का गोला बन गया। वहां बहुत धुआं था और बहुत गर्मी थी।

संघीय उड्डयन प्रशासन ने की पुष्टि- इस हादसे को लेकर संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) ने बताया कि यह दुर्घटना बीचक्राफ्ट बोनांजा विमान में हुई, जिसमें पांच लोग सवार थे। हालांकि, दुर्घटना कैसे हुई, इसके बारे में स्थिति अभी तक स्पष्ट नहीं है।

## ट्रंप की चेतावनी के बाद हमास के रुख में नरमी, गाजा में युद्धविराम जारी रखने को होगी वार्ता



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बंधकों की रिहाई को लेकर हमास को चेतावनी देने के बाद फलस्तीनी संगठन अमेरिकी बंधक की रिहाई को लेकर वार्ता कर रहा है। हमास के राजनीतिक सलाहकार ताहेर अल-नोनो ने अमेरिकी दूत एडम बोहेलर से वार्ता होने की पुष्टि की है।

कहा कि हमास अमेरिका और इजरायल की दोहरी नागरिकता वाले बंधक एडन एलेक्जेंडर को रिहा कर सकता है। नोनो ने कहा कि दोहरी नागरिकता वाले बंधकों की रिहाई को लेकर हमारा रुख सकारात्मक है। उसी के लिए हमारी वार्ता चल रही है।

बोहेलर ने भी हमास के अधिकारियों के साथ वार्ता होने की पुष्टि की है। विदित हो कि अमेरिका ने हमास को आतंकी संगठन घोषित कर रखा है और यह अमेरिका और हमास के बीच पहली सीधी वार्ता है।

इस बीच युद्धविराम को दूसरे चरण में भी जारी रखने के लिए वार्ता के लिए इजरायल अधिकारियों का दल कतर की राजधानी दोहा भेजेगा। यह दल सोमवार को हमास के साथ होने वाली परोक्ष वार्ता में शामिल होगा। इससे पहले हमास ने कहा था कि वह इजरायल के साथ युद्धविराम के दूसरे चरण के लिए वार्ता करने को तैयार है।

हमास कमांडर को किया था ढेर- अभी कुछ दिन पहले इजरायली सेना ने उत्तरी वेस्ट बैंक शहर जेनिन के पूर्वी इलाके में हमास नेटवर्क के प्रमुख आयसर अल-सादी को मार गिराया था। हालांकि इजरायल ने कहा था कि वह उसे गिरफ्तार करना चाहते थे, लेकिन सैन्य अभियान के दौरान उसकी मौत हो गई।

फलस्तीनी सुरक्षा सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों के समर्थन से इजरायली बलों ने जेनिन के पूर्वी इलाके में कई आवासीय इमारतों को घेर लिया, जिससे हिंसक झड़पें हुईं, जिसमें हमास कमांडर मारा गया।

## भगोड़े ललित मोदी को जोर का झटका, वानुआतु के प्रधानमंत्री ने पासपोर्ट रद करने का दिया आदेश



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रशांत महासागर में स्थित द्वीपीय देश वनातु में जाकर बसने का ख्वाब देख रहे IPL के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी को वहां की सरकार ने उन्हें जोर का झटका दिया है। वनातु के प्रधानमंत्री जोथम नापत ने नागरिकता आयोग को ललित मोदी को जारी किया गया वानुअतु पासपोर्ट रद करने का निर्देश दिया है।

लंदन में भारतीय पासपोर्ट सरेंडर करने का दिया था आवेदन- हाल ही में ललित मोदी ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में अपना भारतीय पासपोर्ट सरेंडर करने के लिए आवेदन दिया था।

ललित मोदी साल 2010 में भारत छोड़कर लंदन में बस गए थे। शुक्रवार को भारत के विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की कि आईपीएल के संस्थापक ने अपनी भारतीय नागरिकता छोड़ने के लिए आवेदन किया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था, ललित मोदी ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में अपना पासपोर्ट जमा करने के लिए आवेदन किया है। मौजूदा नियमों और प्रक्रियाओं के तहत इसकी जांच की जाएगी। हमें यह भी बताया गया है कि उन्होंने वनातु की नागरिकता हासिल कर ली है. हम कानून के तहत उनके खिलाफ मामले को आगे बढ़ा रहे हैं।

वनातु में स्थित एक टैक्स हैवन देश है, इसमें नागरिकता लेने के लिए 1.3 करोड़ रुपये का निवेश करना होता है।

## ट्रूडो की जगह मार्क कार्नी बने कनाडा के नए प्रधानमंत्री, ट्रंप के रहे हैं आलोचक; भारत के लिए क्यों है खुशखबरी?



नई दिल्ली (एजेंसी)। बैंक ऑफ कनाडा और बैंक ऑफ इंग्लैंड के पूर्व गवर्नर मार्क कार्नी को कनाडा का नया प्रधानमंत्री चुन लिया गया है। वे जस्टिन ट्रूडो की जगह लेगें। 59 वर्षीय कार्नी को 85.9 प्रतिशत वोट हासिल हुए।

नॉर्थवेस्ट टेरिटरीज कनाडा में जन्मे मार्क कार्नी का बचपन एडमंटन में बीता। उन्होंने अमेरिका के हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र की पढ़ाई की। इसके उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से मास्टर की डिग्री हासिल की फिर 1995 में अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की।

साल 2008 में उन्हें बैंक ऑफ कनाडा का गवर्नर नियुक्त किया गया। साल 2010 में दुनिया की मशहूर मैगजीन TIME ने उन्हें विश्व के 25 सबसे प्रभावशाली नेताओं में एक बताया। इसके अलावा साल 2012 में यूरोमनी मैगजीन ने उन्हें सेंट्रल बैंक गवर्नर ऑफ द ईयर घोषित किया।

संभाल चुके हैं कई अहम जिम्मेदारी- हाल ही में उन्हें संयुक्त राष्ट्र के जलवायु कार्रवाई और वित्त पर विशेष दूत जैसे महत्वपूर्ण पद संभाल चुके हैं। वो ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट में ट्रांजिशन इन्वेस्टिंग के पद पर भी रह चुके हैं। उन्हें 2012 में ही तत्कालीन प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर ने वित्त मंत्री बनने का मौका दिया था। लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को नकार दिया था।

जस्टिन ट्रूडो ने लिबरल पार्टी के लीडर का पद छोड़ते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा,÷मैं लिबरल पार्टी के नेता के रूप में उसी आशा और कड़ी मेहनत के साथ विदा ले रहा हूं, जैसा कि मैंने शुरू में किया था।

# विदेश से सोना और नकदी लाने के क्या हैं नियम; कानून तोड़ने पर कितनी सजा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। हाल ही में कन्नड़ और तमिल फिल्मों की अभिनेत्री रान्या राव को दुबई से लौटते समय बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे 14.8 किलो सोने के साथ गिरफ्तार किया गया। इस मामले के बाद से ही विदेश से सोना लाने का मामला लगातार चर्चा में है। लोग यह भी पूछ रहे हैं कि विदेश से लौटते समय कोई कितना सोना या नकदी ला सकता है? इसको लेकर क्या नियम हैं और नियमों का उल्लंघन करने पर क्या कानूनी कार्रवाई होगी और सजा का क्या प्रावधान है?


विदेश से कितना सोना ला सकते हैं- अगर आप या आपका कोई जानने वाला विदेश यात्रा पर गया है तो वहां से लौटते वक्त आप 20 ग्राम (2 तोला) और आपकी महिला मित्र 40 ग्राम (4 तोला) सोना ला सकती है। यानी विदेश से पुरुष यात्री 20 ग्राम और महिला यात्री 40 ग्राम सोना ला सकती है। इतना सोना लाना ड्यूटी फ्री है।

इसके अलावा, 15 साल से कम उम्र के बच्चों को भी 40 ग्राम (4 तोला) सोना लाने की छूट मिलती है। हालांकि, इसके लिए आपका रिश्ता साबित करना होता है। भारतीय पासपोर्ट अधिनियम 1967 के अनुसार, भारतीय नागरिक (आभूषण, बिस्किट व सिक्का) सभी प्रकार का सोना निर्धारित मात्रा में ला सकते है।

देश में तस्करी का सोना सबसे ज्यादा कहां से आता है- देश में सबसे ज्यादा तस्करी का सोना संयुक्त अरब अमीरात से आता है। यूएई के बाद दूसरा देश म्यांमार है, जहां से सबसे ज्यादा सोना आता है। इसके अलावा तस्कर अफ्रीकी देशों से भी सोना लाते हैं।

कस्टम अधिकारियों की मानें तो तस्करी का केवल 10 प्रतिशत ही सोना पकड़ में आता है। विदेश से तस्करी कर सोना लाने के मामले में केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु सबसे आगे हैं। सोना तस्करी के 60 प्रतिशत केस इन्हीं राज्यों में दर्ज होते हैं।

## शाहरुख खान को टैक्स केस में मिली राहत, आयकर विभाग का दावा खारिज




नई दिल्ली (एजेंसी)। एक्टर शाहरुख खान ने टैक्स अधिकारियों के साथ विवाद में बड़ी जीत हासिल की है। आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण या ITAT ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया है। यह विवाद उनकी फिल्म आरए वन के टैक्स से संबंधित था, जो 2011 में रिलीज हुई थी।

आयकर विभाग ने 2011-2012 के लिए खान की 83.42 करोड़ रुपये की घोषित आय पर विवाद किया था, और यू.के. में भुगतान किए गए करों के लिए विदेशी कर क्रेडिट के उनके दावों को खारिज कर दिया था।

विभाग ने चार साल से अधिक समय बाद उनके टैक्स की गणना 84.17 करोड़ रुपये के रूप में की। ITAT ने फैसला सुनाया कि आयकर विभाग की तरफ से मामले का पुनर्मूल्यांकन कानूनी रूप से उचित नहीं था।

ITAT ने कहा कि मूल्यांकन अधिकारी चार साल की वैधानिक अवधि से परे पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता वाले किसी भी नए ठोस सामग्री को प्रदर्शित करने में विफल रहा है। आईटीएटी ने कहा कि क्योंकि इस मुद्दे की प्रारंभिक जांच के दौरान पहले ही जांच हो चुकी है।

## आईपीएल चेयरमैन को हेल्थ मिनिस्ट्री ने लिखी चिट्ठी, टूर्नामेंट के दौरान क्या न करने का दिया आदेश?



नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग का 22 मार्च से आगाज होने वाला है। देश के 13 अलग-अलग वेन्यूज में 74 मैच खेले जाएंगे। दुनिया के ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर्स जल्द ही भारत पहुंचने वाले हैं। इसी बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने आईपीएल चेयरमैन को एक चिट्ठी लिखी है।

स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से आईपीएल चेयरमैन को लिखी चिट्ठी में कहा गया है कि आईपीएल मैच के दौरान तंबाकू और शराब के विज्ञापन नहीं दिखाए जाएं।

चिट्ठी में लिखा गया, भारत में कैंसर, फेफड़ों की बीमारी डायबिटीज और हाइपरटेंशन जैसी बीमारियां तेजी से बढ़ रही है। इन गैरसंचारी बीमारियों के बढ़ने में तंबाकू और शराब प्रमुख कारण हैं। दुनियाभर में तंबाकू से होने वाली मौतों के मामले में भारत दूसरे स्थान पर है। यहां शराब की वजह से हर साल लगभग 14 लाख मौतें होती हैं।

चिट्ठी में यह कहा गया है कि आईपीएल से जुड़े इवेंट के दौरान भी तंबाकू और शराब उत्पादों की बिक्री पर भी रोक लगनी चाहिए।

पहला मैच केकेआर बनाम आरसीबी- पहले मैच में पिछले सीजन की विजेता कोलकाता नाइटराइडर्स की टक्कर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगी। यह मुकाबला कोलकाता के होम ग्राउंड ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। इसके अगले दिन ही रोमांच दो गुना हो जाएगा और डबल हेडर मैच देखने को मिलेगा।

## मणिपुर में पुलिस ने 48 घंटों में 15 उग्रवादियों को किया गिरफ्तार; लाखों का कैश और मोबाइल फोन भी बरामद



नई दिल्ली (एजेंसी)। मणिपुर पुलिस ने उग्रवादियों के खिलाफ राज्य में बड़ी कार्रवाई की है। 8 और 9 मार्च को राज्य भर में कई छापों में विभिन्न उग्रवादी समूहों के 15 कैडरों को गिरफ्तार किया गया है। मणिपुर पुलिस ने एक आधिकारिक बयान में कहा, पिछले 24 घंटों के दौरान, राज्य में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में थी।

पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान और क्षेत्र वर्चस्व चलाया गया। 9 मार्च को, मणिपुर पुलिस ने इंफाल पश्चिम जिले के सिटी-पीएस के तहत गांधी एवेन्यू, थंगल बाजार से एनआरएफएम संगठन के पांच सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया, जिनके नाम हैं, केशम रॉबर्टसन मीतेई उर्फ नानाओ और उम्र 29 साल है।

दूसरे का नाम है मोइरंगथेम तनु देवी उर्फ चिंगलेम्बी उर्फ इचांथोई (21), नामीराकपम रशिनी देवी उर्फ थोइबी उर्फ मंगलेइमा (25), मेइकम इचान चानू (32) और लैशराम मेनका चानू उर्फ लांचेंबल (27)। वे जबरन वसूली, हथियारों और गोला-बारूद के परिवहन में शामिल थे। उनके कब्जे से एक दोपहिया वाहन, पांच मोबाइल फोन और एक पहचान पत्र बरामद किया गया।

वह आम जनता, निजी फर्मों, सरकारी अधिकारियों आदि से जबरन वसूली में शामिल थी। उनके कब्जे से एक मोबाइल फोन और 1,07,260 रुपये की राशि वाला एक बटुआ बरामद किया गया।

मणिपुर के विभिन्न जिलों में पहाड़ी और घाटी दोनों में कुल 109 जांच चौकियां स्थापित की गई और राज्य के विभिन्न जिलों में उल्लंघन के संबंध में पुलिस द्वारा किसी को हिरासत में नहीं लिया गया।

## मैं सदमे में हूं, कोर्ट में रो पड़ी अभिनेत्री रान्या राव; 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया



नई दिल्ली (एजेंसी)। दुबई से सोना तस्करी मामले में गिरफ्तार कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव को 3 दिन की हिरासत खत्म होने के बाद सोमवार को आर्थिक अपराध न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने रान्या राव को 24 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

इससे पहले पुलिस से पूछताछ के दौरान अभिनेत्री ने कहा कि मुझे फंसाया जा रहा है। मैं सोना तस्करी गिरोह से नहीं जुड़ी हूं। 3 मार्च को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर करोड़ों रुपये के सोने के साथ अभिनेत्री को डीआरआई ने पकड़ा था।

अदालत में रो पड़ी रान्या- अदालत में रान्या राव ने कहा कि राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने अपनी हिरासत में मौखिक रूप से प्रताड़ित किया। वह अंदर से टूट चुकी है। अदालत में रान्या राव रोने लगी और कहा कि मौखिक रूप से मुझे धमकाया और प्रताड़ित किया गया है। हालांकि उन्होंने शारीरिक प्रताड़ना से साफ इनकार किया। रान्या ने अदालत को आगे बताया कि मैं सदमे में हूं और भावनात्मक रूप से टूट चुकी हूं।

डीआरआई ने खारिज किया आरोप- सोशल मीडिया पर एक फोटो खूब वायरल हो रही है। इसमें रान्या राव के आंख के आसपास चोट के निशान दिख रहे हैं। इसके बाद ही शारीरिक प्रताड़ना की बात उठी। हालांकि डीआरआई ने आरोपों को खारिज कर दिया है। एजेंसी का कहना है कि पूछताछ और गिरफ्तारी सीसीटीवी की निगरानी में हुई है। मंगलवार को अदालत रान्या राव की जमानत याचिका पर सुनवाई करेगी।

27 बार की दुबई की यात्रा - इस बीच बताया जा रहा है कि तलाशी में रान्या राव के घर से करोड़ों की नकदी और जेवरात मिले। रान्या के सौतेले पिता कर्नाटक के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी हैं।

## राहुल गांधी ने संसद में उठाया वोटर लिस्ट का मामला, धर्मेंद्र यादव बोले- यहां तो गड़बड़ी चल रही



नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू हो गया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने मणिपुर मुद्दों को लेकर हंगामा किया। वहीं राज्यसभा में भी विपक्षी दलों के नेता अलग-अलग मुद्दों को लेकर हंगामा कर रहे है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सांसदों से शांत रहने की अपील की। बता दें सरकार और विपक्ष के बीच ईपीआईसी के मुद्दे पर टकराव होने की उम्मीद है।

विपक्ष मतदाता सूची में कथित हेराफेरी, मणिपुर में हिंसा की ताजा घटना और ट्रंप प्रशासन से निपटने में भारत के रुख जैसे मुद्दों को उठाने की योजना बना रहा है।

सरकार का ध्यान अनुदान मांगों के लिए संसद की मंजूरी प्राप्त करने के साथ-साथ बजटीय प्रक्रिया को पूरा करने, मणिपुर बजट के लिए अनुमोदन प्राप्त करने और वक्फ संशोधन विधेयक को पारित करने पर रहेगा।

ताजमहल में दरार आ रही हैं- लोकसभा में बोले असदुद्दीन ओवैसी- असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा में भारतीय पुरातत्व विभाग में खाली पड़े पदों पर सवाल उठाए और कहा कि पानी का रिसाव हो रहा है, ताजमहल में दरार आ गई है।

सदन में भारी हंगामे के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी है।

भाषा विवाद पर शिक्षा मंत्री का प्रहार- तमिलनाडु सरकार बेईमान है और पीएम स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) को लागू करने के मुद्दे पर पूरी तरह यू-टर्न लेकर राज्य के छात्रों का भविष्य बर्बाद कर रही है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की इस टिप्पणी पर द्रमुक सदस्यों के विरोध के बाद लोकसभा की कार्यवाही लगभग 30 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई थी।

दरअसल नई शिक्षा नीति और तीन भाषा विवाद पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा में कहा, वे (डीएमके) बेईमान हैं। वे तमिलनाडु के छात्रों के प्रति प्रतिबद्ध नहीं हैं। वे तमिलनाडु के छात्रों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। उनका एकमात्र काम भाषा की बाधाएं खड़ी करना है। वे राजनीति कर रहे हैं।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः

उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल द्वादशी

## संपादकीय

# बच्चों को गुम होता आज के दौर में बचपन...



अहमदाबाद के निजी विद्यालय में कुछ दिन पहले आठ साल की बच्ची की हृदयाघात से मौत हो गई। सुबह स्कूल पहुंची बच्ची को सीढ़ियां चढ़ते वक्त सीने दर्द महसूस हुआ, तो वह गलियारे में बैठ गई। फिर कुछ ही पलों में वह बेंच से गिर पड़ी। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी तरह कर्नाटक में भी शिक्षिका को कापी दिखाने के लिए अपनी सीट से उठ रही बच्ची अचानक बेहोश हो गई। अस्पताल ले जाने पर पर चिकित्सकों ने ने बताया कि हृदयाघात के कारण उसका जीवन समाप्त हो चुका है। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में भी पहली कक्षा में पढ़ने वाली एक बच्ची की खेलते समय मौत हो गई। वहीं हर आयुवर्ग के लोगों में बढ़ता हृदयाघात चिंता का विषय है। मगर बच्चों से से जुड़े मामले सचमुच भयभीत करने वाले हैं। खेलने- कूदने की में दिल का दौरा पड़ने से जिंदगी की टूटती डोर नई पीढ़ी के बिगड़ते स्वास्थ्य पर गंभीरता से सोचने को विवश कर रही है।

दरअसल, दुषित पर्यावरण, मिलावटी खानपान और निष्क्रिय जीवनशैली बच्चों को भी स्वास्थ्य समस्याओं के घेरे में ले है। इतना ही नहीं मोबाइल फोन में झांकते हुए बीत रहा समय भी बचपन के लिए बड़ा जोखिम बन गया है। एक और अस्वास्थ्यकर भोजन का बढ़ता चलन, तो दूसरी ओर तकनीकी व्यस्तता के कारण निष्क्रिय होती जीवनशैली। संतुलित और पोषण से भरपूर आहा आहार से दूर होते बच्चे जाने-अनजाने कुपोषण के जाल में फंस रहे हैं। शारीरिक गतिविधियों और व्यायाम की जगह तनाव का घेरा बढ़ाने वाले ठहराव ने ली है। बाल स्वास्थ्य से जुड़े जोखिम बढ़ाते अस्वास्थ्यकर भोजन से लेकर आरामदायक दिनचर्या तक, बचपन से बहुत कुछ नया जुड़ गया है। पोषण रहित चटपटे भोजन की त्वरित पहुंच ने खानपान की नई संस्कृति को जन्म दिया है। हालिया बरसों में रसोईघर में पके खाने से बड़े बच्चे भी दूर हुए हैं। बड़े शहरों में ही नहीं, गांवों-कस्बों में भी फल और सब्जियां खाना छूट सा गया है। बाहर के भोजन की त्वरित उपलब्धता से भी परंपरागत खाद्य पदार्थों के प्रति अरुचि बढ़ी है।

अमेरिका के मैरीलैंड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के ब्राजील, चीन, भार भारत, नाईजीरिया, पाकिस्तान और रूस में विपणन, विज्ञापन और अंतरराष्ट्रीय खाद्य एवं पेय पदार्थों के बीच संबंध से जुड़े अध्ययन के अनुसार प्रचलित ब्रांड के खाद्य और पेय उत्पाद सहजता से बच्चों की जीवनशैली में में स्थान बना लेते हैं। पांच से छह वर्ष के बच्चों को लेकर हुए अध्ययन में सामने आया कि बाजार को विस्तार देने की सोच के साथ विज्ञापनों से रूबरू होने वाले बच्चों में कम पोषण वाले ऐसे पदार्थों प्रस्तुत के प्रति खिंचाव की संभावना अधिक होती है। दुनियाभर में हुए अध्ययन बताते हैं कि विज्ञापन देख कर भोजन को वरीयता देने और बाल स्थूलता में गहरा संबंध है।

हर आयु वर्ग के लोगों में हृदय रोग का जोखिम बढ़ाने वाला मोटापा बाल स्वास्थ्य के लिए भी बड़ा खतरा बन गया है। निष्क्रिय जीवनशैली के कारण बढ़ता मोटापा वैश्विक स्तर पर अनगिनत स्वास्थ्य समस्याओं की जड़ माना जाने लगा है मोटे बच्चों में उच्च रक्तचाप या उच्च कोलेस्ट्रॉल जैसे कारक दिल की सेहत बिगाड़ते हैं। मोटापे का सामना कर रहे कई बच्चों में दोनों में से एक कारक हृदय रोग के जोखिम को बढ़ाता है। आमतौर पर हमारे घरों में आज भी यही माना जाता है कि बच्चों को उच्च कोलेस्ट्राल और दिल की बीमारी जैसी समस्याएं कैसे हो सकती है ? जबकि हृदय रोग केवल वयस्कों और बुजुगों में ही नहीं होता। नवजात शिशुओं और बच्चों का दिल भी बीमार हो सकता है।

अध्ययन बताते हैं कि कुछ मामलों में इस बीमारी की जड़ कही जाने वाली उच्च कोलेस्ट्रॉल की समस्या वंशानुगत भी होती है।

# चुनीलाल बसु



चुनीलाल बसु भारत के एक रसायनज्ञ, विज्ञानसाधक, चिकित्सक और देशप्रेमी थे। वे रसायन विज्ञान के मेधावी विद्यार्थी थे। उन्होने ग्रामीण बंगाल में स्वच्छता और स्वास्थ्य के विषय में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। अनेक दृष्टियों से वे अपने समय से आगे थे। उस समय वे खाद्य पदार्थों में मिलावट एवं पर्यावरण के प्रदूषण की बात करते थे। 20वीं शताब्दी के आरम्भिक दिनों में वे सन्तुलित भोजन और व्यायाम के महत्व पर प्रकाश डालते थे। उन्होने कहा था कि- हमारा वर्तमान भोजन सही नहीं है।

परिचय- चुनीलाल बसु का जन्म कोलकाता, पश्चिम बंगाल में 13 मार्च, 1861 को हुआ था। उन्होंने स्कॉटिश चर्च कॉलेज और उसके बाद कोलकाता मेडिकल कॉलेज से शिक्षा ग्रहण की। उनकी आर्थिक स्थिति चिकित्सा शिक्षा के उपयुक्त नहीं थी, जिसके कारण उनको बहुत संघर्ष करना पड़ा। अन्ततः वे एक महान चिकित्सक हुए। उनके दो लेख ÷चेचक की रोकथाम और भारत में मधुमेह के बारे में कुछ प्रेक्षण उनकी विद्वता के प्रमाण हैं।

राय बहादुर की पदवी- चुनीलाल बसु बंगाल सरकार के 1889 से 1920 तक रासायनिक परीक्षक थे। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि %भारतीय विष अधिनियम पारित% कराना था, जिसके द्वारा विषकारक पदार्थों का मुक्त क्रय-विक्रय रोका गया। रसायन विज्ञान, खाद्य विज्ञान और चिकित्सा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए ब्रितानी सरकार ने उन्हें 1898 में राय बहादुर की पदवी से सम्मानित किया था। 1921 में उन्हें कलकता का शेरिफ चुना गया।

कृतियाँ- चुनीलाल बसु केवल रसायन विज्ञानी, चिकित्सक और समाज सुधारक ही नहीं थे बल्कि वे एक अच्छे लेखक भी थे। उनकी लिखी कुछ प्रमुख रचनाएँ निम्न प्रकार हैं-

स्वास्थ्य पञ्चक
जल
वायु
फलित रसायन
पल्ली स्वास्थ्य हिन्दी- ग्रामीण स्वास्थ्य
पुरी याइबार पथे
रसायन सूत्र
शरीर स्वास्थ्य विधान शरीर स्वास्थ्य के नियम
आलोक
खाद्य
गुरुदास बनर्जी की जीवनी बांग्ला में



# कौन होगा IRDAI का अगला चेयरमैन? वित्त मंत्रालय ने मंगाया आवेदन




नई दिल्ली (एजेंसी)। वित्त मंत्रालय ने इंश्योरेंस रेगुलेटर- भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण के चेयरपर्सन पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। मौजूदा चेयरमैन देबाशीष पांडा का कार्यकाल 13 मार्च को खत्म हो रहा है। इस पद के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 6 अप्रैल 2025 तय की गई है। आइए जानते हैं कि चेयरपर्सन की सैलरी कितनी होगी और बाकी सभी डिटेल।

IRDAI चेयरमैन के चयन की प्रक्रिया- देबाशीष पांडा ने 14 मार्च 2022 को IRDAI चेयरमैन का पदभार संभाला था। उन्हें तीन साल के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया गया था। इससे पहले वह वित्त मंत्रालय के अंतर्गत वित्तीय सेवा विभाग में सचिव थे।

IRDAI द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, चेयरमैन पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को कम से कम 30 साल वर्क एक्सपीरियंस होना चाहिए। उन्हें भारत सरकार के सचिव या उसके समकक्ष स्तर, राज्य सरकार या अन्य संस्थानों में कार्य करने का अनुभव होना चाहिए।

कौन कर सकता है आवेदन- केंद्र सरकार के सचिव या समकक्ष स्तर पर कार्य कर चुके हों। राज्य सरकार या अन्य नियामक संस्थानों में नेतृत्वकारी भूमिका निभा चुके हों। किसी बड़ी वित्तीय संस्था के CEO या समकक्ष पद पर कार्य कर चुके हों।

IRDAI के चेयरमैन का वेतन- IRDAI अधिनियम, 1999 के अनुसार, कोई भी व्यक्ति 65 साल की उम्र के बाद चेयरमैन पद पर नहीं रह सकता। पद खाली होने की तारीख (13 मार्च 2025) के अनुसार उम्मीदवार के पास कम से कम दो वर्ष की सेवा बची होनी चाहिए। इसका मतलब है कि उम्मीदवार की आयु 63 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। IRDAI चेयरमैन को 5.62 लाख प्रति माह का वेतन दिया जाएगा। हालांकि, सरकारी आवास और गाड़ी की सुविधा नहीं दी जाएगी।


सरकार का अंतिम निर्णय- सरकार ने स्पष्ट किया है कि अगर प्रशासनिक कारणों से आवश्यकता पड़ी तो चयन प्रक्रिया को किसी भी चरण में रद्द या वापस लिया जा सकता है। इस नियुक्ति की प्रक्रिया फाइनेंशियल सेक्टर रेगुलेटरी अप्वाइंटमेंट सर्च कमेटी की सिफारिशों के आधार पर की जाएगी।

## जोमैटो ने बदला अपना नाम, शेयरहोल्डर्स की भी लगी मुहर, जानें क्या कुछ होगा चेंज



नई दिल्ली (एजेंसी)। जोमैटो लिमिटेड के नाम को इटरनल करने की मंजूरी मिल गई है। कंपनी की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार शेयरहोल्डर्स ने नाम बदलने की अनुमति दे दी है। बता दें, कंपनी का नाम सिर्फ कॉरपोरेट जगत में बदलेगा। एक्सचेंज को दी जानकारी के अनुसार कंपनी ने कहा है कि ब्रांड का नाम और एप का नाम नहीं बदला जाएगा। नाम बदलने के अलावा शेयरहोल्डर्स ने मोमेरेंडम ऑफ एसोसिएशन और आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन में आवश्यक बदलाव के लिए मंजूरी दे दी है। कंपनी के नजरिए से देखा जाए तो यह काफी महत्वपूर्ण कदम है। इस बदलाव के कंपनी को उम्मीद है कि एक नए दौर की शुरुआत होगी। जिससे उसे फूड डिलीवरी के साथ-साथ टेक स्पेस में तेजी के साथ ग्रोथ करने में सफलता मिलेगी। इस नाम बदलने के पीछे जोमैटो की रणनीति काफी साफ है। कंपनी फूड डिलीवरी के साथ शुरुआत की थी। लेकिन अब वह ब्लिंकिट, डिस्ट्रिक्ट और हाइपप्योर जैसा बिजनेस भी कर रही है। यानी समय के साथ कंपनी ने अपने बिजनेस को ना सिर्फ बढ़ाया है। बल्कि अन्य अलग-अलग सेक्टर में भी पहुंचने में सफल रही है। शेयर होल्डर्स को जारी किए गए पत्र में कंपनी के सीईओ दीपेंदर गोयल ने कहा कि जोमैटो की कॉपरेट वेबसाइट zomato.com से eternal.com हो जाएगी।

## 76 पैसे के शेयर में तूफानी तेजी, लगातार रॉकेट बना हुआ है भाव, 9300% तक चढ़ गया दाम




नई दिल्ली (एजेंसी)। स्मॉल-कैप स्टॉक एराया लाइफस्पेसेस आज सोमवार को लगातार चौथे दिन अपर सर्किट में हैं। कंपनी के शेयर आज 5% चढ़कर 71.27 रुपये पर आ गए। एराया लाइफस्पेसेस का शेयर प्राइस सोमवार को बीएसई पर 71.27 पर खुला, जो पिछले सेशन के 67.88 के बंद भाव से लगभग 5% अधिक है। अक्टूबर 2024 में 52-सप्ताह या 1-साल के हाई 316.9 से महत्वपूर्ण सुधार देखने के बाद स्टॉक हाल ही में पलटाव कर रहा है। पिछले चार कारोबारी सेशन में एराया लाइफस्पेस के शेयर की कीमत लगभग 20% बढ़ी है। यह बढ़त कुछ पॉजिटिव न्यूज के कारण हुई है।

कंपनी ने शनिवार, 8 मार्च को ऐलान किया कि एबिक्सकैश वर्ल्ड मनी को काम करने के लिए एक बेहतरीन जगह के रूप में मान्यता दी गई है। कंपनी ने कहा है कि इसकी पीपुल फर्स्ट कल्चर का सर्टिफिकेट है। एबिक्स इंक की सहायक कंपनी एबिक्सकैश, बीमा, वित्त, स्वास्थ्य सेवा और ई-लर्निंग क्षेत्रों में ऑन-डिमांड सॉफ्टवेयर और ई-कॉमर्स सेवाओं की एक प्रमुख वैश्विक प्रदाता है।

कंपनी को हाल ही में एराया लाइफस्पेसेस ने अधिग्रहित किया था। एराया लाइफस्पेसेस ने एक फाइलिंग में कहा कि उसे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि एबिक्सकैश लिमिटेड की एक प्रमुख सहायक कंपनी और विदेशी मुद्रा सेवाओं की एक प्रमुख प्रदाता कंपनी एबिक्सकैश वर्ल्ड मनी को प्रतिष्ठित %ग्रेट प्लेस टू वर्क% प्रमाणन से सम्मानित किया गया है। यह मान्यता एक सकारात्मक और सशक्त कार्यस्थल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

## शेयर बाजार में मार्च के पहले हफ्ते में विदेशी निवेशकों ने 24,753 करोड़ रुपये निकाले




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय शेयर बाजार से विदेशी निवेशक लगातार पैसै निकाल रहे हैं। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेज (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, मार्च के पहले सप्ताह में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा शुद्ध बिक्री 24,753 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है।

बाजार स्थिरता के बारे में बढ़ी चिंता- 2025 में कुल शुद्ध निकासी 1, 37, 354 करोड़ रुपये हो गई है। लगातार बिक्री के दबाव ने बाजार स्थिरता के बारे में चिंताएं बढ़ा दी है। साथ ही विदेशी निवेशक भारत के आर्थिक और कॉर्पोर्ट प्रदर्शन के बारे में सतर्क हैं।

लगातार हो रही बिक्री के कारणों के बारे में बात करें तो, भारतीय कंपनियों से कमजोर आय, उम्मीद से धीमी जीडीपी वृद्धि और अमेरिकी डॉलर इंडेक्स में तेज वृद्धि शामिल है। मूल्यांकन संबंधी चिंताओं ने भी एफपीआई पलायन में योगदान दिया है।

जनवरी और फरवरी में कैसा रहा हाल- पिछले महीने फरवरी की बात करें तो, विदेशी निवेशकों ने 34, 574 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थें। जनवरी में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार से 78.027 करोड़ रुपये निकाले हैं।

# पैसे छापने की मशीन बना 1 का यह शेयर, 1 लाख का निवेश बढ़कर हो गया 5 करोड़, आपका है क्या दांव?



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट के बावजूद एक शेयर जो आश्चर्यजनक रिटर्न रहा है। यह शेयर- अवंती फीड्स का है। यह शेयर मल्टीबैगर रिटर्न देकर अपने लंबी अवधि के निवेशकों के लिए पैसे छापने की मशीन बना हुआ है। बता दें कि पिछले 15 सालों में अवंती फीड्स के शेयर 2018 में बोनस शेयरों के बाद 1 से बढ़कर 830 तक पहुंच गए, जिससे करीबन 55,000 प्रतिशत का रिटर्न मिला है। इसका मतलब है कि 15 साल पहले स्टॉक में किए गए 1 लाख के निवेश और समय के साथ इसे बनाए रखने से यह राशि काफी बढ़कर 5.46 करोड़ हो जाती। हालांकि, यह और भी अधिक हो सकती था, लेकिन इस गणना को करते समय बोनस के बाद के लाभ को नहीं जोड़ा गया है। बता दें कि अवंती फीड्स ने 1÷2 के रेशियो में बोनस शेयर जारी करने के लिए 20 जून 2018 को एक्स-डेट ट्रेड किया था।

अवंती फीड्स के शेयर की कीमत सोमवार के कारोबारी सत्र में 2.97 प्रतिशत से अधिक बढ़ी, जो बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 842 प्रति शेयर के उच्चतम स्तर को छू गई। लंबी अवधि में, अवंती फीड्स के शेयर में पिछले पांच सालों में 161 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। पिछले एक साल में शेयर में 58.46 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शेयर ने अल्पकालिक निवेशकों को भी आकर्षित किया है। अवंती फीड्स के शेयर छह महीनों में 19 प्रतिशत से अधिक चढ़े हैं। इस बीच, एक महीने में इसमें लगभग 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। साल-दर-साल के संदर्भ में, शेयर में 22.44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 670.65 से बढ़कर वर्तमान प्राइस पर पहुंच गया।

## एक अप्रैल से बदल जाएंगे जीएसटी के नियम, जानिए आपकी जेब पर कितना पड़ेगा असर




नई दिल्ली (एजेंसी)। जीएसटी डाटा को चुराना और जीएसटी में फर्जीवाड़ा करना अब आसान नहीं होगा। आगामी एक अप्रैल से जीएसटी में पंजीकृत सभी यूजर्स के लिए मल्टी फैक्टर ऑथेंटिकेशन (एमएफए) नियम लागू होने जा रहा है।

एमएफए के लागू होने से जीएसटी इस्तेमाल करने वाले किसी अन्य यूजर के डाटा को चुराना और जीएसटी में किसी प्रकार का फर्जीवाड़ा करना आसान नहीं होगा।

एमएफए के तहत वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) के बिना यूजर लॉग-इन नहीं कर पाएंगे। इसलिए सभी यूजर को इस माह में जीएसटी पोर्टल पर अपने फोन नंबर को अपडेट कर लेना चाहिए ताकि ओटीपी प्राप्त करने में कोई दिक्कत नहीं हो।

इस साल एक जनवरी से प्रयोगात्मक तौर पर 20 करोड़ से अधिक टर्नओवर वालों के लिए एमएफए को लागू किया गया था।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# विदिशा में भाजपा नेता की पत्नी की दिनदहाड़े कुल्हाड़ी मारकर हत्या, हमलावर ने घर में घुसकर मारा

विदिशा। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम जेतपुरा में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां अज्ञात हमलावर ने भाजपा नेता और पूर्व सरपंच रामविलास ठाकुर की पत्नी रानी ठाकुर की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। यह वारदात सोमवार दोपहर 12 से 1 बजे के बीच की बताई जा रही है।



रामविलास ठाकुर ने पुलिस को बताया कि वे सुबह खेत पर गए थे। दोपहर में घर लौटे, तो देखा कि उनकी पत्नी किचन में खून से लथपथ पड़ी हुई थीं। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) डॉ. प्रशांत चौबे मौके पर पहुंचे।कुल्हाड़ी से कर दी हत्या

एएसपी चौबे के अनुसार घटना के समय घर में रामविलास की 22 वर्षीय बेटी भी मौजूद थी, जो वारदात से करीब 10 मिनट पहले बाथरूम में नहाने गई थी। इसी दौरान हमलावर ने हमला कर रानी ठाकुर की हत्या कर दी। पुलिस ने मौके से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर ली है।

### भाजपा नेता की दूसरी पत्नी थीं मृतका

मृतका रानी ठाकुर, रामविलास ठाकुर की दूसरी पत्नी थीं। करीब सात साल पहले उनकी पहली पत्नी की मौत के बाद उनका विवाह रानी से हुआ था। रामविलास के पहले विवाह से तीन बच्चे भी हैं।

पुलिस की जांच जारी

दिनदहाड़े हुई हत्या के बाद गांव में दहशत का माहौल है। मौके पर डॉग स्क्वायड और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की टीम सबूत जुटाने की कोशिश कर रही है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। एएसपी डॉ प्रशांत चौबे का कहना है कि जल्द ही हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के पीछे के कारणों का भी पता लगाया जा रहा है।

# मप्र कर्मचारी चयन मंडल में पांच साल में 35,266 पदों पर भर्ती, अब भी 79 हजार पद खाली




भोपाल। मप्र कर्मचारी चयन मंडल(इएसबी) की ओरसे माध्यमिक शिक्षक के विषयवार 7929 पदों पर भर्ती के लिए चयन परीक्षा अप्रैल में आयोजित की जा रही है। इसके लिए 1.60 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।वहीं ईएसबी ने चार मार्च को एक नोटिफिकेशन 2018 से अब तक के शिक्षक भर्ती का वेबसाइट पर अपलोड किया है। इसके मुताबिक अब तक 35,266 पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई है। वहीं अभी हाल में केंद्र की ओर से जारी यू डाइस की शिक्षा रिपोर्ट में प्रदेश के 13 हजार स्कूल एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में विषयवार शिक्षकों की कमी है। पांच साल में शिक्षक भर्ती के लिए करीब 14 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। वहीं सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के 79 हजार पद खाली हैं। अभी माध्यमिक व प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के अभ्यर्थियों के लिए चयन परीक्षा आयोजित की जा रही है।पांच साल में भरे गए 30 हजार पद

उच्च माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के परिणाम 2019 में घोषित किया। इसमें 40 हजार शिक्षकों की नियुक्ति होनी थी। लेकिन विभाग ने साढ़े 20 हजार पद ही स्वीकृत किए और यह प्रक्रिया पांच साल बाद भी पूरी नहीं हो पाई। उच्च माध्यमिक, माध्यमिक शिक्षकों के 30 हजार पदों पर भर्ती के बाद भी 50 हजार पद खाली रह गए।

पांच साल तक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया चली, लेकिन शिक्षकों की कमी पूरी नहीं हो पाई।

2018 की शिक्षक पात्रता परीक्षा वर्ग-1 व वर्ग-2 के तहत नियुक्ति प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हुई।

इस तरह पांच साल से चल रही प्रक्रिया

परीक्षा का नाम -वर्ष -शामिल अभ्यर्थी- पात्र अभ्यर्थी -नियुक्ति

उच्च माध्यमिक पात्रता परीक्षा 2018 -2019 -1,84,673 -43,963 -11,817

माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 -2019-4,51,840 -1,92,148 -7,726

प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2020 -2022-5,89,150 -1,94,949 -12,539

उच्च माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2023 -2023 -1,49,677 -25,741 -भर्ती प्रक्रिया जारी

उच्च माध्यमिक शिक्षक चयन चयन परीक्षा 2023-2023-45,533 -40,478 -3193

माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा परीक्षा -2023-4,33,224 -86,538 -चयन परीक्षा होना शेष

माध्यमिक शिक्षक खेल पात्रता परीक्षा -- 2023-8,856 -2513 -00

माध्यमिक शिक्षक संगीत,गायन परीक्षा -2023 -3770, -856 -00

प्राथमिक शिक्षक खेल पात्रता परीक्षा -2023 -7641 -1156 -00

प्राथमिक शिक्षक संगीत,गायन परीक्षा -2023-3760 -1332 -00

प्राथमिक शिक्षक संगीत,नृत्य परीक्षा -2023 -758 -264 -00

प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा -2024 -2,15,835 -परिणाम जारी नहीं है

उच्च माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 -1,60,177 -परीक्षा नहीं हुई ।

प्रदेश में स्कूलों की संख्या-1.22 लाख

विद्यार्थियों की संख्या-1.10 करोड़

शिक्षकों की संख्या-3.50 लाख

शिक्षकों के स्वीकृत पदों की संख्या-4.30 लाख

पांच साल में पद भरे गए-35,266

सभी वर्ग के शिक्षकों की संख्या

प्राथमिक शिक्षकों के स्वीकृत पद-1.48 लाख

भरे हुए पद- 1.40 लाख

खाली पद - आठ हजार

माध्यमिक शिक्षकों के स्वीकृत पद-1.11 लाख

भरे हुए पद -61 हजार

खाली पद -50 हजार पर

उच्च माध्यमिक शिक्षकों के स्वीकृत पद-42,620

भरे हुए पद -21,134

## कान्हा नेशनल पार्क में मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया, जंगल में सुरक्षाबल कर रहे सर्चिंग



मंडला। मध्य प्रदेश पुलिस ने 18 दिनों के अंदर दूसरी मुठभेड़ एक और नक्सली को मार गिराया है। मंडला जिले में पुलिस बल, हाकफोर्स और नक्सलियों के बीच रविवार रात कान्हा नेशनल पार्क के चिमटा के जंगल में आमना-सामना हो गया।

रात आठ बजे के करीब पुलिस ने एक पुरुष नक्सली को मार गिराया। आईजी संजय कुमार के मुताबिक जंगल में बल और नक्सलियों के बीच चली फायरिंग में एक नक्सली मारा गया है। पुलिस ने शव बरामद कर लिया है। रात हो जाने के कारण शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।राशन लेने के लिए नक्सली गांव में आए थे

आज पता चल सकेगा कि नक्सली किस दलम में सक्रिय था और उस पर कितना इनाम था। पुलिस सूत्रों के अनुसार राशन लेने के लिए नक्सली गांव में आए थे, इसी दौरान पुलिस से उनका सामना हो गया। पुलिस ने दो अन्य सहयोगियों को भी पकड़ा है।

घना जंगल होने के कारण सर्चिंग अभियान तेज किया गया है। मौके पर अतिरिक्त बल भी भेजा गया है। बता दें कि 12 फरवरी 2021 को मंडला जिले के मोतीनाला थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में माओवादी मैनू और गीता मारे गए थे।

## मप्र में 10 प्रतिशत महंगी हो सकती है शराब, टैक्स बढ़ने के बाद 350 रुपए प्रूफ लीटर वाली हो जाएगी 385 की



भोपाल। मध्य प्रदेश में शराब के दाम 10 प्रतिशत बढ़ सकते हैं। वजह यह है कि राज्य सरकार ने शराब पर 10 प्रतिशत वैट (वैल्यू एडेड टैक्स) बढ़ाने का निर्णय लिया है। उदाहरण के लिए शराब पर वैट 350 रुपये प्रूफ लीटर था, 10 प्रतिशत बढ़ोतरी करने पर यह 385 रुपये प्रूफ लीटर हो जाएगा। बता दें कि एक लीटर के बराबर एक प्रूफ लीटर होता है।हालांकि, वैट बढ़ाने के साथ ही आबकारी विभाग ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि शराब निर्माता कंपनी मनमाने तरीके से शराब का मूल्य नहीं बढ़ा सकेंगी।

दरअसल, शराब निर्माता कंपनी का तर्क होता है कि उनकी शराब विभिन्न राज्यों में विक्रय की जाती है। ऐसे में दूसरे राज्यों से तुलना कर शराब की कीमत में वृद्धि की जाती है।लेकिन अब शराब की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और (एमआरपी) मध्य प्रदेश के पड़ोसी राज्यों में शराब पर वैट और कीमत की तुलना कर जो राज्य के अनुकूल होगा, उसके आधार पर ही शराब का मूल्य तय किया जाएगा।31 जिलों में शराब के ठेकों की ई-टेंडरिंग और बिड से होगी नीलामी मध्य प्रदेश में 21 जिलों में शराब ठेकों की 100 प्रतिशत नीलामी की जा चुकी है। 81 समूहों ने शराब के ठेके उठाए हैं। अब 31 जिलों में शराब के ठेके होना है। नीलामी की प्रक्रिया के बावजूद जबलपुर और दमोह सहित अन्य जिलों में ठेके नहीं उठ पा रहे हैं। यहां ई-टेंडरिंग और बिडिंग से नीलामी की जाएगी।

## औरंगजेब शौचालय... धार में बदला सार्वजनिक शौचालय का नाम, छावा देख हिंदराज युवा संगठन का विरोध

धार। छावा फिल्म की कहानी से प्रेरित हो हिंदराज युवा संगठन धार के कुछ युवाओं ने रविवार को शहर के त्रिमूर्ति चौराहे स्थित नगर पालिका के सार्वजनिक शौचालय पर ÷औरंगजेब शौचालय÷ का पोस्टर चस्पा कर दिया था। साथ ही मूत्रालय पर औरंगजेब के फोटो भी लगा दिए थे।

इन युवाओं ने इसका वीडियो तैयार किया था, जो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ। इसके बाद प्रशासन और पुलिस को जानकारी मिली। रविवार की शाम को ही शौचालय से पोस्टर और औरंगजेब के फोटो हटा दिए गए। फिलहाल, यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।सार्वजनिक शौचालय का बदला नाम हिंदराज युवा संगठन के संस्थापक पंकज जाधव ने बताया कि हमने इसमें कोई गलत काम नहीं किया है। हमें फिल्म छावा के माध्यम से यह जानकारी मिली कि किस प्रकार औरंगजेब ने हिंदुओं पर अत्याचार किए थे और धार्मिक स्थानों को नष्ट किए थे।

इसी विरोध में हमने धार के त्रिमूर्ति नगर चौराहा स्थित नगर पालिका के सार्वजनिक शौचालय पर औरंगजेब शौचालय नाम का एक पोस्टर लगाया था। इसके साथ ही मूत्रालय पर औरंगजेब के फोटो लगाए थे, जिससे एक गंदे स्थान पर एक गंदे व्यक्ति का प्रतीक प्रदर्शित किया जा सके।÷

### पुलिस ने हटा दिया पोस्टर

उन्होंने आगे कहा कि ÷हमने इसका वीडियो बनाया और इंटरनेट मीडिया के माध्यम से पुलिस को इसकी जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने यह पोस्टर और फोटो हटा दिए। हमारा उद्देश्य यह था कि फिल्म छावा के माध्यम से लोगों में जागरूकता फैलाई जाए। औरंगजेब के कृत्यों के बारे में आम लोगों तक सही जानकारी पहुंचे।






# सड़कों पर लाखों की भीड़, पहली बार बैरिकेड्स लगाकर रोकी गाड़ियां, गर्ल्स ने किया क्रेजी डांस



इंदौर। भारतीय क्रिकेट टीम की जीत सिर्फ खेल के मैदान तक ही सीमित नहीं रहती। जब भारतीय क्रिकेट टीम जीत हासिल करे, तो यहां के लोगों के बीच जो जश्न होता है, वह एक विशेष अनुभव बन जाता है। टीम इंडिया ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली और सड़कों पर जनसैलाब उमड़ आया। आकाश में आतिशबाजी छा गई और सड़कों पर होली के रंग बिखर गए। चारों तरफ उत्साह छा गया। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में इंडिया ने 252 का टारगेट 49 ओवर में चेज कर लिया।

इंदौर, जो मध्य प्रदेश का प्रमुख शहर है, क्रिकेट के प्रति अपनी दीवानगी और प्रेम के लिए प्रसिद्ध है। भारतीय टीम की जीत के बाद शहर भर में जो उल्लास और खुशी का माहौल बनता है, वह अविस्मरणीय होता है। मैच के बाद लाखों लोग राजबाड़ा की तरफ जश्न मनाने के लिए गए। भीड़ इतनी अधिक थी कि नगर निगम ने रामबाग पर बैरिकेड्स लगाकर वाहनों को रोक दिया। बड़ी संख्या में पहुंचे युवक युवतियों ने सड़कों पर ही नाच-गाना शुरू कर दिया। चप्पे चप्पे पर पुलिस नजर आई और उत्पात करने वालों को भी पकड़ा गया। पूरा राजबाड़ा तिरंगे से पट गया। इस जीत के बाद एक बार फिर से साबित हो गया कि भारतीय क्रिकेट टीम की जीत के बाद इंदौर में जो जश्न होता है, वह इस शहर की क्रिकेट प्रेमी संस्कृति और भारतीय टीम के प्रति अटूट समर्थन को दर्शाता है। यहां के लोग सिर्फ एक खेल को नहीं, बल्कि अपनी संस्कृति और पहचान को मनाते हैं।

यह उत्सव, सिर्फ टीम की जीत का प्रतीक नहीं, बल्कि भारतीय समाज की एकता और अखंडता का भी प्रतीक है।

1. सड़कों पर उमड़ता जश्न

भारतीय क्रिकेट टीम की जीत के बाद इंदौर की सड़कों पर युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक, हर कोई खुश नजर आता है। इस बार भी यही हुआ। रात दस बजे मैच जीतते ही लोग सड़कों पर उतर आए। लोग क्रिकेट के झंडे लहराते हुए बाइक पर घूमते दिखे, ढोल-नगाड़े बजाते रहे और %भारत माता की जय% और रोहित विराट के नारे लगाते दिखे। यह दृश्य खासतौर पर बड़े चौराहों और मुख्य मार्गों पर देखा गया, जहां हर गली-मोहल्ले से लोग निकलकर एक साथ जश्न मनाने के लिए आए।

2. समाज में एकता का प्रतीक क्रिकेट भारत में सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि एक भावना है, जो विभिन्न वर्गों, जातियों, और धर्मों को एकजुट कर देती है। इंदौर में जब भारतीय टीम जीतती है, तो यह न सिर्फ खेल की जीत होती है, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे का संदेश भी देती है। लोग अपने मतभेदों को भूलकर, मिलजुल कर खुशी मनाते हैं और एक साथ इस मौके को सेलिब्रेट करते हैं। राजबाड़ा पर हुए जश्न में सभी धर्म, वर्ग के लोग नजर आए और टीम इंडिया की जीत के नारे लगाए।

3. चाय की दुकानों और कैफे में उत्सव, सराफा में मनी दीपावली

इंदौर की चाय की दुकानें और कैफे भारतीय क्रिकेट टीम के मैच के दौरान खास स्थान बन जाते हैं। यहां लोग मैच देखते हैं और जीत के बाद इस खुशी को अपने दोस्तों और परिचितों के साथ साझा करते हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा एकात्म धाम ओंकारेश्वर का किया अवलोकन



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा ओंकारेश्वर में एकात्म धाम का अवलोकन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा सर्वप्रथम अद्वैत लोक के अंतर्गत बनने वाले शिव पंचायतन मंदिर स्थल का अवलोकन किया गया। आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. मनीष कुमार द्वारा मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि यह पंचायतन मंदिर आचार्य शंकर द्वारा स्थापित पंचायतन पूजा पद्धति के अनुरूप निर्मित किया जा रहा है। शिव पंचायतन मंदिर में प्रमुख पांच देवों भगवान शिव, विष्णु, गणपति, भगवान सूर्य एवं भगवती देवी के विग्रह होंगे। यह मंदिर नागर शैली में बनेगा तथा बंशी पहाड़पुर के पत्थर से इसका निर्माण किया जायेगा। यह शिव पंचायतन मंदिर 21 हज़ार वर्ग फिट में होगा। मंदिर प्रांगण की कुल क्षमता लगभग 500 लोगों की होगी, प्रांगण के आस-पास के स्थान की कुल क्षमता लगभग 100 लोगों की होगी और अद्वैत लोक परिसर की कुल क्षमता लगभग 15 हजार व्यक्तियों की होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा एकात्म धाम के विभिन्न घटकों यथा आचार्य शंकर अंतरराष्ट्रीय अद्वैत वेदान्त संस्थान एवं शंकर निलयम स्थलों का भी अवलोकन किया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री जी द्वारा एकात्मता की मूर्ति पर पुष्पांजलि करते हुए प्रदीक्षणा की गई।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का माना आभार

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का माधव राष्ट्रीय उद्यान को देश का 58वां और मध्यप्रदेश का 9वां टाईगर रिजर्व की सौगात प्रदान करने के लिये आभार माना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर केन्द्र सरकार के इस निर्णय को प्रदेश के वन्य जीव संरक्षण प्रयासों के लिए ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह मध्यप्रदेश को वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में मिली एक और बड़ी उपलब्धि है। माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी जिले में स्थित है। यह ऐतिहासिक और प्राकृतिक दृष्टि से बेहद समृद्ध है। टाइगर रिजर्व घोषित करने से यहां वन्यजीवों के संरक्षण के साझा प्रयासों को और अधिक मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सदैव ही वन्य जीव संरक्षण में अग्रणी रहा है। यह नया टाइगर रिजर्व राज्य की जैव विविधता को और अधिक सशक्त करेगा। उन्होंने कहा कि इससे बाघों के संरक्षण को बल मिलेगा, साथ ही पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि वन्य जीव प्रेमियों के लिए एक आश्चर्यजनक समाचार प्राप्त हुआ है। भारत वन्य जीव विविधता और वन्यजीवों के संरक्षण करने वाली संस्कृति से धन्य है। हम हमेशा हमारे वन्य प्राणियों की रक्षा करने और एक सतत् विकासशील ग्रह में जीवन कायम रखने में योगदान देने में सबसे आगे रहेंगे।

केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर माधव राष्ट्रीय उद्यान को टाईगर रिजर्व घोषित किए जाने के संबंध में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा पृथ्वी पर पारिस्थितिकी विविधता को बहाल करने पर दिए गए ऐतिहासिक जोर के साथ भारत पर्यावरण संरक्षण और वन्य जीव संरक्षण में लगातार बड़ी प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह घोषणा करते हुए मुझे खुशी हो रही है कि देश ने अपने टाइगर रिजर्व की सूची में 58वां टाइगर रिजर्व जोड़ लिया है, जिसमें नवीनतम नाम मध्यप्रदेश के माधव टाइगर रिजर्व का है।

यह मध्यप्रदेश का 9वां टाइगर रिजर्व है। केंद्रीय मंत्री श्री यादव ने देश के सभी वन्य जीव प्रेमियों और संरक्षणवादियों को बधाई देते हुए कहा कि यह विकास हमारे वन अधिकारियों के अथक प्रयासों का प्रमाण है, जो निस्वार्थ भाव से वन्य जीव संरक्षण के पावन उद्देश्य के लिए काम कर रहे हैं।

## प्रेस्टीज कॉलेज की डॉ. अवनी त्रिवेदी ने राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



इंदौर। प्रेस्टीज कॉलेज की सहायक प्रोफेसर डॉ. अवनी त्रिवेदी ने राज्य स्तरीय शिक्षक एवं कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता 2024-25 में शतरंज के अंडर-50 महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर संस्थान का गौरव बढ़ाया।

डॉ. त्रिवेदी ने प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आई प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, टीम स्पर्धा में भी डॉ. त्रिवेदी ने जबलपुर, भोपाल, ग्वालियर और अन्य राज्यों की टीमों को हराते हुए इंदौर टीम को विजेता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संयुक्त शतरंज प्रतियोगिता में इंदौर टीम ने 11 अंक अर्जित किए, जिसमें डॉ. त्रिवेदी और उनकी टीम के सभी सदस्यों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। डॉ. अवनी की इस उपलब्धि पर प्रेस्टीज एजुकेशन फाउंडेशन के चेयरमेन डॉ. डेविश जैन, प्रेस्टीज इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च के डायरेक्टर कर्नल डॉ. एस. रमण अय्यर सहित संस्थान के फेकल्टी सदस्यों ने उन्हें बधाई दी है। साथ ही, उन्होंने डॉ. त्रिवेदी से अन्य फैकल्टीज और छात्रों को शतरंज के खेल में प्रशिक्षण देने का आग्रह किया है।

## माँ नर्मदा के संपूर्ण परिक्रमा पथ को पवित्रता के साथ उसके मूल स्वरूप में स्थापित करने के लिए सरकार है दृढ़ संकल्पित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को ओंकारेश्वर में ब्रह्मपुरी घाट पर आयोजित अमृतस्य मां नर्मदा पद परिक्रमा कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने ब्रह्मपुरी घाट पर माँ नर्मदा की पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ओंकारेश्वर में भव्य ज्योतिर्लिंग मंदिर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मार्च माह के बाद चिंहित तीर्थ स्थलों पर शराब की दुकानों को बंद किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन के लिए जल महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जैसे जल संरचना नदी-तालाब के दर्शन मात्र से ही मन प्रसन्न हो जाता है। मानव शरीर में जिस प्रकार धमनियों में रक्त का प्रवाह होता है उसी प्रकार धरती पर नदियाँ बहती हैं इसलिए उन्हें पवित्र रखना ज़रूरी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माँ नर्मदा के संपूर्ण परिक्रमा पथ को पवित्रता के साथ उसके मूल स्वरूप में स्थापित करने के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि नर्मदा परिक्रमा यात्रियों की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्था की जाएगी। प्रदेश में जहां भी नर्मदा तट हैं वहाँ आयोजनों के लिए घाट निर्माण किया जाएगा एवं यात्रियों की सुविधा के लिए साईनऐज लगायें जाएँगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश नदियों का मायका है, जिसमें माँ नर्मदा का स्थान सभी नदियों में सबसे अलग है। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार स्वच्छता के माध्यम से विकास के कार्य को भी नए मुकाम तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केमिकल युक्त खेती करने से फसल का उत्पादन तो होता है, लेकिन जीवन में अनेक बीमारियां भी होती है, इससे बचने के लिए एक अभियान संचालित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्राकृतिक व जैविक खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए गौ-माता का पालन करना होगा, जिससे दूध के उत्पादन के साथ किसानों की आय भी बढ़ेगी।

## वार्ड 37 में 18.66 करोड़ के विकास कार्यों का हुआ शुभारंभ



इंदौर। शहर के विकास में नया अध्याय जोड़ते हुए, वार्ड क्रमांक 37 के महालक्ष्मी नगर स्थित एमआर-4 गार्डन में 18 करोड़ 66 लाख रुपये की लागत से किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों का आज भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि वार्ड 37 के विकास कार्यों में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। क्षेत्रीय पार्षद अपने वार्ड के कार्यों के लिए प्रस्ताव लेकर आएं, तो उन्हें त्वरित स्वीकृति दी जाएगी।

महापौर भार्गव ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में नगर निगम ने अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। इस वर्ष नगर निगम ने 800 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 300 करोड़ रुपये अधिक है। उन्होंने गर्वपूर्वक कहा कि अब नगर निगम को विकास कार्यों के लिए प्रदेश या केंद्र सरकार पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है।

स्थानीय विधायक महेंद्र हार्डिया ने बताया कि पिछले डेढ़ से दो वर्षों में वार्ड 37 में 45 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य संपन्न किए गए हैं। उन्होंने घोषणा की कि आगामी वित्त वर्ष में तुलसी नगर मेन रोड का निर्माण लगभग 13 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा, जिसकी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

## मंत्रीद्वय श्री कैलाश विजयवर्गीय एवं श्री तुलसीराम सिलावट ने मान इंडस्ट्री की नई निवेश संयंत्र ईकाई का किया उद्घाटन



इंदौर। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने आज पीथमपुर में मान रूप की मान इंडस्ट्री का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में मंत्री द्वय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, मार्केटिंग एवं बिजनेस डेवलपमेंट उपाध्यक्ष श्री जी. एन. सेठी एवं विभिन्न कंपनियों के उद्योगपति एवं संचालक मौजूद रहे। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मान कम्पनी के नई यूनिट के उद्घाटन से युवाओं को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में लगातार औद्योगिक विकास हो रहा है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार ने हर कदम पर औद्योगिक कम्पनियों को उद्योग लगाने के लिए प्रेरित किया है।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# भक्ति में सराबोर महिलाएं फाग उत्सव में झूम उठी, खेली श्री राधा-कृष्ण के साथ होली



उज्जैन । श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज महिला मंडल उज्जैन द्वारा आज 10 मार्च सोमवार को ढाबा रोड स्थित स्वर्णकार धर्मशाला परिसर में फाग महोत्सव 2025 धूमधाम के साथ मनाया ।

महिला मंडल द्वारा आयोजित इस फाल्गुन संध्या के कार्यक्रम को सुप्रसिद्ध भजन मंडली द्वारा फाल्गुन के सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से भक्तिमय बना दिया । उज्जैन स्वर्णकार समाज महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती शीला सोनी ने बताया कि फाग उत्सव का आयोजन स्वर्णकार समाज महिला मंडल द्वारा पारंपरिक रूप से किया जाता रहा है । धार्मिक वातावरण में गुलाल एवं फूलो से होली खेली जाती हैं, श्री राधा-कृष्ण को हिंडोले में बैठाकर सभी महिलाओं द्वारा फाग उत्सव के प्रतीक, लाल, पीले और केसरिया फुल एवं रंगो में सजकर भक्ति भावपूर्ण भजनों पर रंगारंग नृत्य किया जाता है ।

इस अवसर पर श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती शीला सोनी, सचिव श्रीमती छाया सोनी, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती रजनी सोनी, कोषाध्यक्ष रेखा सोनी, श्रीमती सादुबला सोनी, श्रीमती सुमित्रा सोनी, श्रीमती रजनी सोनी सहित पदाधिकारीगण उषा सोनी, ज्योति सोनी, अनीता सोनी, ममता सोनी, प्रियंका सोनी, किरण सोनी, रेखा सोनी, सविता सोनी, मंजू सोनी, रोमा सोनी, अर्चना सोनी, रजनी सोनी, शीतल सोनी, भारती सोनी, राधिका सोनी, स्वीटी सोनी, कृष्णा सोनी, ममता वर्मा, वर्षा सोनी, दीपिका सोनी, मंजू सोनी, अर्चना सोनी, भारती सोनी, संगीता सोनी, शिवानी सोनी, स्मिता सोनी आदि।

रुपाली सोनी, रानी सोनी, ममता सोनी, रिंकी सोनी, पूजा सोनी, पुष्पा सोनी, सीमा सोनी, गरिमा सोनी आदि सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही ।

# उज्जैन के सुदर्शन सोनी को बेस्ट रीजनल जर्नलिस्ट ऑफ ईयर अवॉर्ड



उज्जैन। मीडिया फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा दिल्ली के प्यारेलाल आडिटोरियम में आयोजित 19 वें मीडिया एक्सीलेंस अवार्ड समारोह में डीडी न्यूज के बहुचर्चित एंकर अशोक श्रीवास्तव को बेस्ट मेल एंकर, ज़ी न्यूज़ की ख्यातनाम एंकर शोभना यादव को बेस्ट फीमेल एंकर, माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर डॉ के. जी. सुरेश को मीडिया गुरु और वरिष्ठ पत्रकार अतुल तारे को श्रेष्ठ संपादक के विशिष्ट पुरस्कार प्रदान किए, मुंबई के वरिष्ठ पत्रकार अनिल तिवारी एवं मध्यप्रदेश के सुदर्शन सोनी को बेस्ट रीजनल जर्नलिस्ट ऑफ द ईयर सम्मान से नवाजा गया।

इन हस्तियों को भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) के पूर्व महानिदेशक प्रो.संजय द्विवेदी और भारत विकास परिषद् के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन ने सम्मानित किया। समारोह में फिल्म सिटी नोएडा के संस्थापक डॉ संदीप मारवाह और मीडिया फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अरुण शर्मा मौजूद रहे।

इस मौके पर आइएमएस,नोएडा के प्रोफेसर डॉ.सचिन बत्रा की किताब व्यावहारिक पत्रकारिता के दूसरे संस्करण का विमोचन भी किया गया। खास बात यह है कि इस पुस्तक का प्रकाशन मीडिया फेडरेशन द्वारा किया गया, जिसमें देशभर के कई जाने-माने टीवी व प्रिंट मीडिया के पत्रकारों ने स्पेशलाइज्ड रिपोर्टिंग पर अध्याय लिखे हैं।

## अखिल भारत रूप सिंह दरबार बामनिया बंजारा सेवा समिति एवं संगठन ने किया धर्मशाला का भूमि पूजन



उज्जैन। अखिल भारत श्री रूप दरबार बामनिया बंजारा समिति एवं संगठन द्वारा धर्मशाला का भूमि पूजन हनुमानगड़ी बड़नगर रोड उज्जैन में किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल मोडावत ने बताया कि 10 मार्च को समाज के वरिष्ठजन एवं संगठन के पदाधिकारी की सहमति से समाज के लिए धर्मशाला का निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम श्री रूप सिंह दरबारजी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर धर्मशाला की नींव रखी गई।

# मन से जुड़ने वाले भावों एवं विचारों की जागरूकता से व्यक्तित्व का विकास होता है-आचार्य शैलेंद्र पाराशर



उज्जैन। मनुष्य के व्यक्तित्व एवं कौशल विकास में शारीरिक, मानसिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों एवं गुणों का सर्वाधिक महत्व रहता है। हमें मन से जुड़ने वाले भावों एवं विचारों के प्रति सदैव सजगता, जागरुकता एवं आत्मविश्लेषण करतें हुयें लक्ष्य प्राप्ति के प्रति लगन, निष्ठा एवं आत्मविश्वास बनाएँ रखना चाहिए।

उक्त प्रेरक विचार विक्रम विश्वविद्यालय की डॉ. अंबेडकर पीठ के पूर्व आचार्य शैलेन्द्र पाराशर ने व्यक्तित्व एवं कौशल विकास विषय पर उद्बोधन देते हुए व्यक्त कियें। आचार्य पाराशर ने कहा कि अगर मनुष्य चाहे तो वह अपने संकल्पों एवं लक्ष्यों को हासिल कर सकता है। उन्होंने हेलेन केलर, स्टीफन हॉकिंग और दशरथ मांझी सहित अदम्य जिजीविषा से सफलता प्राप्त करने वाले अनेक उदाहरण भी दिए। मार्वल स्पोकन इंग्लिश क्लासेस के नवीन परिसर में आयोजित सेमिनार में आचार्य शैलेन्द्र पाराशर ने अनेक उदाहरणों, दृष्टांतों एवं कथानकों के माध्यम से युवा विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने व्यक्तित्व एवं कौशल विकास के सूत्रों के माध्यम से समझाया। अध्यक्षता संस्थान के निदेशक अभिलाष श्रीवास्तव ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं दक्षता को भाषा के माध्यम से संप्रेषित कर देश का श्रेष्ठ नागरिक बनाना है। आचार्य शैलेंद्र पाराशर का संस्थान के निदेशक अभिलाष श्रीवास्तव एवं दीपक चावड़ा ने अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया। संगोष्ठी की शुरुआत में ज्ञान की देवी सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। संस्थान के मेधावी एवं दक्षता की प्रस्तुतीकरण के आधार पर चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। देव राठौर, कीर्ति जैन और वैष्णवी जायसवाल ने विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार प्राप्त किया। शिवांगी वर्मा, काजल अनिजवाल और तनप्रीत कौर को क्रमशः स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। आभार दीपक चावड़ा ने ज्ञापित किया।

# मार्च माह में जन्मदिन वाले पेंशनरों का मनाया जन्मदिन, कुर्सियां भेंट की




उज्जैन। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन उज्जैन शाखा द्वारा 9 मार्च 2025 को दोपहर 2 बजे मार्च माह में जन्म दिनांक वाले पेंशनर्स का जन्मदिन मनाया गया।

अध्यक्ष अरुण शर्मा ने बताया कि सावन भादवा बिजासन माता मन्दिर में फरवरी के जन्मदिन वाले सभी पेंशनरों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दादूराम आश्रम के संस्थापक महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानदास जी महाराज, विशिष्ट अतिथि जेके सुनहरे सेवानिवृत्त न्यायाधीश, कार्यक्रम के अध्यक्ष कवि महेशचंद्र सोनी काकभुशुण्डि द्वारा माता के सम्मुख दीपक प्रज्वलित कर माता का पुजन कर आरती की गई। इस अवसर पर दादूराम आश्रम के पंडित द्वारा पुजा आरती कर सभी को स्वास्तिक वचन कर तिलक लगाकर स्वस्थ सम्पन्न जीवन का आशीर्वाद दिया गया। इस अवसर पर एन.एस. राठौर सेवानिवृत्त डिप्टी कलेक्टर एवं सभी जन्मदिन वाले पेंशनर्स द्वारा महामंडलेश्वर का सम्मान पुष्प माला, मोती माला, सम्मान पटिका, साल, श्री फल से किया गया। अतिथियों का सम्मान ओम प्रकाश वर्मा, तहसील अध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर एन.एस. राठौर द्वारा प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा मासिक जन्मदिन पर नव स्वरूप में संत के कर कमलों से आशीर्वाद की प्रशंसा करते हुए।

संगठन के पेंशनर्स के कार्य की जानकारी से अवगत कराया। इस अवसर पर जे.के.सुनहरे का जन्मदिन मार्च माह में होने से संत आशीर्वाद प्राप्ति की प्रशंसा कर संगठन की रचनात्मक कार्यवाही की प्रशंसा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञान दास महाराज द्वारा संगठन के कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त कर सेवा निवृत को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि इस प्रकार का आयोजन सराहनीय है। आश्रम पर आकर हवन पूजन के साथ जन्मदिन मनाये जाने हेतु आमंत्रित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष काकभुशुण्डि कवि महेशचंद्र सोनी ने महाकाल एवं विक्रमादित्य के राज्य के नवरत्नों की तुलना जन्मदिन वाले पेंशनर्स के नाम को अलंकृत किया गया जिसकी सभी ने प्रशंशा की गई। जन्मदिन को यादगार बनाने एवं पेंशनर्स को नीचे बैठने के कष्ट को कम करने हेतु कुर्सीया भेट की गई। अविनाश धारीवाल वन विभाग एस डी ओ द्वारा 5 कुर्सी, अशोक देवड़ा वन विभाग इंस्पेक्टर 4 कुर्सी, कुंज बिहारी सहगल सहायक यंत्री, बी.पी. शर्मा उच्च श्रेणी लिपिक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (संयुक्त 3 कुर्सी), शांतिलाल जायसवाल पटवारी राजस्व विभाग 1 कुर्सी भेट की गई। मार्च 2025 के जन्मदिन वाले पेंशनर्स जे.सी.सुनहरे न्यायाधीश, व्ही एस शर्मा चीम, वीरेंद्र मंडलोई कृषि विभाग, राजेंद्र कुमरे पीएचई, खंडेराव भंवर पीएचई, कुंज बिहारी सहगल पीएचई, प्रमोद त्रिवेदी पीएचई, ओमप्रकाश वर्मा चिकित्सा, अशोक देवड़ा वन विभाग, सुंदरलाल मालवीय राजस्व विभाग, कविता विनोदिया, उषा मलिक आईटीआई, बाबूलाल कुमावत चिकित्सा, आत्माराम चौहान पुलिस रहे।

# बामनिया बंजारा समाज की धर्मशाला का हुआ भूमिपूजन



उज्जैन। समाज की धर्मशालाएँ हमे यह बताती है कि उस समाज में धर्म को कितना महत्व दिया जाता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। वह समाज में रहता है। जिस प्रकार मनुष्य के अपने परिवार के प्रति कुछ कर्तव्य होते हैं। उसी प्रकार उसके समाज के प्रति भी कुछ कर्तव्य हैं। इन्ही कर्तव्य को करना ही समाज सेवा है। यह एक पुण्य का कर्म है। इसके कारण लोग अमर हो जाते है। उन्हे सदियो तक याद किया जाता है। जिससे समाज मे रीतिरिवाज प्रस्तापित हो, समाज मे अनुसाशन आये और सब समाज बंधू का सम्मान हो। समाज का एक भवन या धर्मशाला भी होनी चाहिए जिस पर समाज गौरव महसूस कर सके। इसी उद्देश्य को लेकर अखिल भारतीय रूप सिंह दरबार बामनिया बंजारा संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनू कछावा (बंजारा) ने बामनिया बंजारा समाज की धर्मशाला को लेकर एक सपना देखा था।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com